**विचारार्थ बिंदु**
**सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) अधिकारी (आरबीएसके)**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पदों के लिए पूर्णत: तदर्थ आधार पर नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

**कर्तव्य और उत्तरदायित्व**

कार्यक्रम अधिकारी, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सीधे पर्यवेक्षण में आईईसी अधिकारी (आरबीएसके) एक अंतर-एजेंसी संचार रणनीति के विकास और कार्यान्वयन के कार्य में अग्रणी भूमिका निभाएगा जिसका उद्देश्य होगा देश में आरबीएसके कार्यक्रम के क्रियाकलापों के बारे में जागरुकता लाना और संसाधन जुटाने में मदद करना और कार्यक्रम में अधिक से अधिक भागीदारी के प्रयासों को बढ़ावा देना।

**आरबीएसके की संचार रणनीति और योजना के विकास और क्रियान्वयन में सहायता करेगा, जिसमें निम्नलिखित नतीज़े पाने पर विशेष बल देगा:**

- संचार रणनीति तैयार करना
- संचार संबंधी जरुरतों के निर्धारण के कार्य को सुकर बनाना
- आरबीएसके की संचार रणनीति तैयार करना;
- आवश्यकताओं का विश्लेषण करना और अनुसमर्थन व संचार रणनीति को आरबीएसके के क्रियाकलापों में एकीकृत करना ;
- कार्यक्रम अधिकारी, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के समर्थन में भाषण या प्रेस विज्ञप्तियां तैयार करना।
- परिणाम आधारित संचार सिद्धांतों के आधार पर आरबीएसके संचार रणनीति और योजना को क्रियान्वित करना।

**प्रकाशन:**

- प्रकाशन क्रियाकलापों जैसे कि विषय सामग्री का प्रबंधन, प्रकाशन के लिए मानदंड, डिज़ाइन आदि का समन्वय और प्रबंधन करना।
- मुद्रकों और अन्य आपूर्तिकर्ताओं से संपर्क करना ताकि प्रकाशन सामग्री का उत्पादन और प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जा सके।
- संचार रणनीतियों में प्रिंट मीडिया के अतिरिक्त मल्टीमीडिया और सोशल मीडिया के समाधानों का प्रयोग करना।

**वेबसाइट का विकास और अनुरक्षण**

- आरबीएसके की वेबसाइट के डिज़ाइन का पर्यवेक्षण और अनुरक्षण (और एजेंसी-विशिष्ट वेबसाइटों के साथ लिंकेज़ सुनिश्चित करना), निम्नलिखित नतीज़ों पर पहुंचने पर विशेष बल देना।
- आवश्यकताओं के आधार पर आरबीएसके की वेबसाइट के डिज़ाइन और अनुरक्षण का विकास करना और इस पर निगरानी रखना।
- वेबसाइट के लिए विषय-सामग्री के सृजन के कार्य को समन्वित करना।
- सामग्री की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए वेबसाइट के लिए विषय-सामग्री बनाए रखना।

**निम्नलिखित नई परियोजनाओं और अभियानों के माध्यम से ब्रांड निर्माण में सहायता:**

- आरबीएसके पर जन सूचना अभियानों का संवर्धन और अनुरक्षण

**विडियो सम्मेलन**

- आरबीएसके कार्यक्रम की समीक्षा के लिए देशभर में विडियो सम्मेलन के उपयोग को सरल बनाना।
- विडियो सम्मेलन के लिए कार्यतंत्र, प्रणालियां स्थापित करना तथा ये सम्मेलन आयोजित करना।

**निम्नलिखित परिणामों पर फोकस करते हुए मीडिया और अन्य हितधारकों के माध्यम से आरबीएसके कार्यक्रम से जनता तक सूचना का प्रभावी प्रवाह सुनिश्चित करना:**

- स्थानीय मीडिया के द्वारा नियमित और संश्लेषित संचार प्रकाशनों के माध्यम से इसके कार्यक्रम और पहलों के माध्यम से जनता के लिए कार्यक्रम दृश्यता को बढ़ाना।

**अन्य कार्य:**

- कार्यक्रम शुरू करने में प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ी टीमों और वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारियों को सक्रिय रूप से सहयोग देना। पद के स्तर से संगत और/या कार्यक्रम अधिकारी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सौंपा गया अन्य कोई कार्य।

**सक्षमताएं**

**तकनीकी ज्ञान:**

- सामुदायिक स्तर पर अभिन्यास मुद्रण सामाजिक जुटाव की अच्छी जानकारी हो।
- संचार और प्रकाशन कार्यनीतियां कार्यान्वित करने की क्षमता।
- मुद्दों पर विचार करने और आंकड़ों के विश्लेषण की योग्यता।
- आरबीएसके कार्यान्वयन का कार्य करने की जानकारी।

**संचार कौशल:**

- लेआउट और डिज़ानिंग में कार्यालय के आईटी अनुप्रयोगों और इंटरनेट के प्रयोग में दक्षता;
- विविधता के लिए संवेदनशीलता और सम्मान से युक्त बहु-सांस्कृतिक, बहु-सांप्रदायिक वातावरण में लोगों के साथ कार्यकारी संबंध और प्रभावी भागीदारी स्थापित करने और इसे बनाए रखने की योग्यता तथा अच्छा अंतर वैयक्तिक कौशल;

**टीम वर्क**

- कठिन परिस्थितियों में दूसरे लोगों के साथ कार्य करते समय भरोसेमंद और आत्मविश्वास से भरा हुआ दिखे, शांत और मित्रवत बना रहे।
- सहकर्मियों के साथ रचनात्मक, संबंध बनाए और इन्हें कायम रखे (और जहां उचित हो वहां रिपोर्ट करे) ; सम्मान के साथ लोगों से व्यवहार करे, कामकाज के माहौल में सकारात्मक योगदान देते हुए सहयोगी, समर्थनकारी और मददगार बना रहे।
- टीम के संयुक्त प्रयास के रूप में अपने हिस्से के कार्य के निष्पादन में विश्वसनीय रहे।
- कार्यालय के भीतर रचनात्मक रूप से कार्य करने के लिए दूसरे पेशेवरों की क्या भागीदारी रहती है इस बारे में जानकारी से अवगत कराना।

**अपेक्षित कौशल और अनुभव:**

**शिक्षा:**

- मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर
- कंप्यूटर एप्लीकेशन में एडवांस्ड डिप्लोमा।

**अनुभव: पद के लिए अर्हता**

- लोक संपर्क, संचार और/या एडवोकेसी में किसी बहुपक्षीय या अंतर्राष्ट्रीय संगठन, निजी क्षेत्र या सरकारी निकायों के साथ कार्य करने का 5 वर्ष से अधिक का अनुभव।

- मल्टी-मीडिया, सोशल नेटवर्किंग एप्रोच के प्रयोग का अनुभव एक आस्ति है।

**आयु:** आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को अधिकतम 50 वर्ष।

**पारिश्रमिक रेंज:** 90,000/- रु. से 1,50,000/- रु. प्रति माह के बीच।

**आवेदन कैसे करें**: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे टीओआर के साथ संलग्न आवेदन प्रपत्र जो एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, को डाउनलोड करें तथा दिनांक 21-Oct-2019 तक आवेदन पूर्णतया भर कर rbsk.nhsrc@gmail.com पर ई-मेल करें। अन्य रूप से भेजा गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र में आवेदित पद का उल्लेख किया गया है अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।